ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 07 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 193


## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले - बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव और संघर्ष की अमर स्मृति है



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आजादी के आंदोलन को नई दिशा और मजबूत आधार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से आज देशभर में जनजातीय गौरव से जुड़े विविध आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को उदयपुर के शोभागपुरा स्थित एक होटल में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर को डूंगरपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाए तथा छात्रों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और बलिदान की गाथा से अवगत कराया जाए।

### वंचितों तक पहुँचे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने कई संवेदनशील निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि जनजाति आवासीय विद्यालयों में मेस भत्ता वृद्धि और मां-बाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी सरकार की जनहितैषी नीतियों का प्रतीक है।

### 'बिरसा मुंडा कुछ और समय जीवित रहते तो अंग्रेजों को देश छोड़ना पड़ता'


जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि बिरसा मुंडा जैसे वीर सपूतों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति दी। स्वतंत्रता संग्राम में 170 से अधिक जनजातीय नायकों का योगदान रहा, जिन्हें नई पीढ़ी से परिचित कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 से जनजातीय गौरव दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई और इस वर्ष को 'जनजातीय गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने 15 नवंबर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने का आह्वान किया। राजस्व मंत्री श्री हेमंत मीणा ने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोग सरकार की योजनाओं का लाभ लें। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुँचाने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### जननायक बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा मिला — सांसद मन्नालाल रावत

सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ऐसे जननायक हैं जिन्हें आमजन ने ईश्वर के समान सम्मान दिया। आजादी के अमृत महोत्सव में जिन नायकों को याद किया गया, उनमें बिरसा मुंडा का योगदान सर्वोपरि है। उन्होंने जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, जिला प्रमुख ममता कुंवर सहित उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ जिलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मस्क ने रोबोट के साथ डांस किया:रोबोट आर्मी बनाएंगे, इससे गरीबी मिटाने का दावा

24 न्यूज अपडेट



टेस्ला के शेयरधारकों ने सीईओ इलॉन मस्क के लिए अब तक का सबसे बड़ा वेतन पैकेज शर्तों के साथ मंजूर कर दिया है। यह पैकेज 1 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़) का है। वोटिंग में 75% से ज्यादा शेयरधारकों ने हां कहा, जिसमें मस्क के 15% शेयर्स शामिल नहीं थे। ये पैकेज अब उन्हें दुनिया का पहला ट्रिलियनेयर बना सकता है। वेतन पैकेज मंजूर होने के बाद मस्क ने शेयरधारकों को थैंक किया और स्टेज पर डांस भी किया। उन्होंने कहा, "ये टेस्ला का नया चैप्टर नहीं, बल्कि नई बुक है। इलॉन मस्क का मिला ट्रिलियन डॉलर का पैकेज उन्हें 2018 में मिले 56 बिलियन डॉलर के पैकेज से करीब 16 गुना ज्यादा है। नया पैकेज 10 साल के लिए है।

## कटरीना कैफ बनी मां, विक्की कौशल के घर गूंजी किलकारी - शादी के चार साल बाद बेटे का जन्म




24 न्यूज अपडेट

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल शुक्रवार को माता-पिता बन गए हैं। इस सेलिब्रिटी कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनके घर बेटे का जन्म हुआ है। कटरीना और विक्की ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा — "हमारी खुशियों का छोटा सा तोहफा आ गया है। बेहद प्यार और आभार के साथ, हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं।" - कटरीना और विक्की, 7 नवंबर 2025 शादी के चार साल बाद यह कपल माता-पिता बना है।

सितंबर में की थी मां बनने की घोषणा कटरीना कैफ ने सितंबर 2025 में अपने मां बनने की घोषणा की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें विक्की कौशल उनके साथ नज़र आ रहे थे और दोनों ने बेबी बंप थाम रखा था। कैप्शन में कटरीना ने लिखा था — "हम ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं, दिल खुशी और आभार से भरे हुए हैं।"

9 दिसंबर 2021 को हुई थी शादी कटरीना और विक्की कौशल ने 9 दिसंबर 2021 को राजस्थान के सिक्स सेंस फोर्ट बरवाड़ा में शादी की थी। शादी बेहद प्राइवेट थी, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। दोनों की प्रेम कहानी की शुरुआत करण जौहर के शो कॉफी विद करण से मानी जाती है। शो में जब करण ने कटरीना से पूछा कि वह किस एक्टर के साथ काम करना चाहेंगी, तो उन्होंने विक्की कौशल का नाम लिया था। जब करण ने बाद में विक्की को यह बताया, तो वे बेहद खुश हुए और मज़ाक में कहा था कि "मेरा तो जीवन बन गया।" इसके बाद 2019 के स्टार स्क्रीन अवॉर्ड्स में विक्की ने कटरीना से स्टेज पर मज़ाकिया अंदाज़ में कहा -"शादियों का मौसम चल रहा है, आप भी कोई विक्की कौशल ढूंढकर शादी क्यों नहीं कर लेतीं?" इस पर कटरीना मुस्कुराकर बोलीं — "हिम्मत नहीं है।" इसके बाद दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया, जिससे उनके रिलेशनशिप की चर्चा आम हो गई। वर्क फ्रंट पर दोनों की हालिया फिल्में विक्की कौशल को हाल ही में 'छावा' फिल्म में देखा गया था, जबकि कटरीना कैफ पिछली बार 'मेरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नज़र आई थीं।

## दिल्ली एयरपोर्ट के ATC सिस्टम में तकनीकी खराबी, उदयपुर में भी 8 फ्लाइट्स तक डिले - यात्रियों को घंटों इंतजार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) सिस्टम में आई तकनीकी खराबी से हवाई यातायात प्रभावित हुआ। इस तकनीकी दिक्कत की वजह से फ्लाइट शेड्यूल अपडेट नहीं हो पा रहा था, जिसका असर देशभर के कई एयरपोर्ट्स पर पड़ा, जिनमें उदयपुर डबोक एयरपोर्ट भी शामिल है।

### उदयपुर में फ्लाइट्स 2 से 7 घंटे तक डिले

उदयपुर एयरपोर्ट पर दिल्ली और मुंबई से आने-जाने वाली 8 फ्लाइट्स तक प्रभावित हुईं। कुछ फ्लाइट्स 7 घंटे तक डिले रहीं, जबकि कुछ में 2–3 घंटे की देरी हुई। इस वजह से सुबह से शाम तक यात्रियों को एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। शाम को जयपुर से आने वाली नियमित फ्लाइट कैंसिल हो गई। इससे जयपुर से उदयपुर आने वाले यात्रियों को बाय रोड टैक्सी से यात्रा करनी पड़ी।

### दिल्ली-मुंबई की उड़ानों पर सबसे ज्यादा असर

जानकारी के अनुसार, उदयपुर में दिल्ली रूट की फ्लाइट्स सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं। मुंबई की केवल दो फ्लाइट्स पर असर पड़ा, जबकि जयपुर और अन्य शहरों की फ्लाइट्स समय पर संचालित रहीं। सुबह जयपुर से आने वाली पहली फ्लाइट 7:55 बजे समय पर पहुंची। वहीं दिल्ली से 8:25 पर आने वाली फ्लाइट करीब 1 घंटे लेट होकर 9:35 बजे पहुंची।

## सोना 21 दिन में 10,774 सस्ता:10 ग्राम की कीमत 1.20 लाख हुई, चांदी 24 दिन में 29,825 गिरी; फेस्टिव डिमांड कम होने से घटी कीमतें



24 न्यूज अपडेट

सोने की कीमत 21 दिन में 10,774 रुपए घटकर आज 1,20,100 रुपए प्रति10 ग्राम पर आ गई है। 17 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,30,874 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 7 नवंबर को सोने की कीमत में 570 रुपए की गिरावट हुई। इससे पहले गुरुवार को इसके दाम 1,20,670 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

### चांदी की कीमत में 33 रुपए बढ़ी

वहीं, चांदी की कीमत में 33 रुपए की मामूली बढ़त देखने को मिली और ये 1,48,010 रुपए प्रति किलो पर आ गई। कल इसकी कीमत 1,48,242/kg थी। 14 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,78,100 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। यानी पिछले 24 दिन में इसकी दाम 29,825 घट चुके हैं।

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

## सड़ी-गली गाजर से तैयार 500 किलो मिलावटी सॉस जब्त, 1000 किलो पल्प किया नष्ट

24 न्यूज अपडेट

जयपुरः खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने बस्सी के मोहनपुरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. इस दौरान बड़ी मात्रा में मिलावटी सॉस जब्त कर उसे नष्ट किया गया.

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि मिलावट को लेकर उन्हें एक इनपुट प्राप्त हुआ था. जिसके बाद टीम ने बस्सी स्थित एक फैक्ट्री पर कार्रवाई की. इस दौरान टीम ने 500 किलो मिलावटी सॉस जब्त किया एवं



200 किलो सॉस एवं 1000 किलो पल्प नष्ट करवाया. डॉ मित्तल ने बताया कि इस फैक्ट्री में सड़ी-गली गाजर को उबाल कर उसमें कलर और सेक्रीन डालकर मिलावटी सॉस तैयार किया जा रहा था. एक साल से चल रही फैक्ट्रीः डॉ मित्तल ने बताया कि मौके पर 41 कार्टूनों में लगभग 500 बोतल में मिलावटी सॉस तैयार कर बेचने के लिए रखी थी. जिन्हें नमूने लेकर जब्त किया गया. मौके पर तैयार लगभग 200 किलो मिलावटी सॉस एवं सड़ी-गली गाजर से तैयार 1000 किलो पल्प को नष्ट करवाया गया. टीम द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जाकर मशीनों को सील कर अग्रिम आदेशों तक सॉस निर्माण कार्य पर पाबंदी लगाई गई है. टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे.

## गिरकर 600 अंक संभला बाजार:सेंसेक्स 95 अंक नीचे 83,216 पर बंद हुआ; IT-मीडिया गिरे, मेटल और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी रही



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 7 नवंबर को सेंसेक्स 95 गिरकर 83,216 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 17 अंक की गिरावट रही, ये 25,492 के स्तर पर बंद हुआ। आज बाजार में 600 अंक तक गिरावट थी।

सेंसेक्स के 30 में से 16 शेयर्स गिरकर बंद हुए। एयरटेल के शेयर में 4.4% की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, ट्रेंट और रिलायंस भी नीचे बंद हुए। बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और बजाज फिनसर्व 2% से ज्यादा चढ़कर बंद हुए।

निफ्टी के 50 में से 30 शेयर्स में तेजी रही। मेटल, बैंकिग और फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में 2% से ज्यादा की तेजी रही। वहीं, FMCG, IT, मीडिया और फार्मा गिरकर बंद हुए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश- स्कूल, अस्पताल से आवारा कुत्ते हटाएं:जहां से पकड़ें, नसबंदी के बाद वहीं न छोड़ें; हाईवे से आवारा जानवर भी हटाएं

24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों में बाड़ लगाई जाए, ताकि कुत्ते वहां न पहुंच सकें।

कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा।




कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाईवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है।

इस मामले में 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा मांगी गई है। अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी।

राजस्थान हाईकोर्ट ने 3 महीने पहले सरकारी एजेंसियों को सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का आदेश दिया था। कार्रवाई को प्रभावित करने वालों के खिलाफ FIR के आदेश भी दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला पूरे देश में लागू होगा।

## संपादकीय : लापरवाही का हासिल

अब यह लगभग साफ है कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का गहराता संकट जितना मौसम की मार है, उससे ज्यादा यह सरकार की अनदेखी और लापरवाही का नतीजा है। वरना क्या कारण है कि पिछले कुछ वर्षों की तरह इस बार भी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या गंभीर होने को लेकर तमाम पूर्वानुमान सामने आए, लेकिन चंद औपचारिक घोषणाओं के अलावा कुछ भी ऐसा नहीं किया गया, जिससे राजधानी की हवा को थोड़ा साफ रखा जा सके। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' या फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में बना हुआ है, लेकिन इससे निपटने के लिए ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। उल्टे कई स्तर पर स्थिति बिगड़ने के अनुमानों के बावजूद उदासीनता का आलम कायम है। सवाल है कि दिल्ली में सांस लेने के लिए भी हवा अगर सुरक्षित नहीं बची है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है और लगातार गहराती इस समस्या का समाधान क्या है। यों हर वर्ष ठंड की आहट के साथ ही वायुमंडल में हवा के घनीभूत होने की वजह से धुआं सहित अन्य कारक दिल्ली में वायु गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। मगर इस वर्ष दिवाली के मौके पर सर्वोच्च न्यायालय की ओर से हरित पटाखों के मामले पर दी गई राहत का बेलगाम तरीके से दुरुपयोग किया गया। नतीजतन, दिवाली के अगले ही दिन स्थिति जिस कदर बिगड़ी देखी गई, वह मौसम की वजह से कम और सरकार से लेकर आम लोगों के स्तर पर बरती गई बहुस्तरीय लापरवाही का नतीजा ज्यादा थी। उसके बाद से दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार या तो 'खराब' या फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में बना है।

हालत यह है कि यहां के बहुत सारे लोगों की सेहत के सामने सांस से संबंधित परेशानियों सहित कई तरह की मुश्किलें पैदा हो रही हैं, लेकिन अब भी प्रदूषण को कम वा दूर करने के लिए कोई ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखती। हालांकि दिल्ली में इस समस्या पर काबू पाने के मकसद से कृत्रिम बारिश कराने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' कराने की खबर आई, लेकिन मौसम के साथ नहीं देने की वजह से वह भी कामयाब नहीं हुई । सवाल है कि आज दिल्ली जिस हालत से गुजर रही है, यहां की हवा जिस स्तर तक खराब हो चुकी है, क्या उसके कारणों को सूचीबद्ध करके सार्वजनिक करने की कोशिश सरकार ने की है? उन कारणों पर काबू पाने के लिए क्या व्यवस्था की गई ? हकीकत यह है कि प्रदूषण के चिंताजनक स्तर तक पहुंच जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट को केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से हलफनामा दर्ज करने के लिए कहना पड़ रहा है कि प्रदूषण को गंभीर होने से रोकने के लिए क्या कदम उठाने का प्रस्ताव है। शीर्ष अदालत में उन खबरों के बारे में भी जिक्र किया गया, जिनके मुताबिक दिल्ली भर में दिवाली के मौके पर सैंतीस में से केवल नौ वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र के काम कर रहे थे इसकी जवाबदेही किस पर आती है? एक और, सुप्रीम कोर्ट स्थिति बिगड़ने से पहले कदम न उठाने को लेकर सवाल उठा रहा है, दूसरी ओर आज भी लगातार प्रदूषण से हवा और ज्यादा खराब होते जाने की खबर आ रही है। मगर ऐसा लगता है कि इसकी आशंका पहले से होने और इससे संबंधित पूर्वानुमानों के बावजूद सरकार के लिए यह कोई प्राथमिक चुनौती नहीं है।

## नतीजों का संदेश

अमेरिका में राज्य स्तरीय चुनावों के नतीजों से एक स्पष्ट आहट सुनी जा सकती है। यह एक ओर प्रवासियों के पक्ष में जनादेश है, तो दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विवादित नीतियों के खिलाफ संदेश भी । न्यूयार्क के महापौर से लेकर कई राज्यों के गवर्नरों और स्थानीय चुनावों के आए परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी समाज विविधता एवं समरसता की संस्कृति को ही पसंद करता है और उसे किसी की मनमानी पसंद नहीं। इस लिहाज से देखें, तो प्रवासियों को मुद्दा बना कर अपने फैसले पर अड़े दिख रहे ट्रंप के लिए ये चुनावी नतीजे एक झटके की तरह हैं। उनकी तमाम तल्खियों और धमकियों के बावजूद न्यूयार्क में जोहरन ममदानी मेयर का चुनाव जीत गए। न्यूयार्क में बीते पचास वर्षों में सबसे अधिक मतदान हुआ। यह एक बड़ा घटनाक्रम है। इससे प्रतीत होता है कि तमाम बाधाओं और उतार-चढ़ाव के बावजूद समुदाय विशेष की राजनीति से ऊपर उठ कर अमेरिका आगे बढ़ने के लिए तैयार है। न्यूयार्क से लेकर वर्जीनिया, मिसिसिपी, केंटकी और ओहायों के सिनसिनाटी शहर में हुए चुनाव में जहां डेमोक्रेटिक पार्टी का दबदबा दिखा, वहीं भारतवंशियों का भी खूब बोलबाला रहा। खास बात यह है कि इन नतीजों के बाद अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर फिर से उत्साह लौट आया है। और खुद हिलेरी क्लिंटन ने नतीजों को लोकतंत्र की जीत बताया है। इसी के साथ यह भी स्पष्ट हो गया है कि देश वास्तव में क्या चाहता है। दरअसल, न्यूयार्क एक प्रवासी के नेतृत्व वाला शहर बन गया है। जोहरन ममदानी ने जीत के बाद कहा भी कि यह शहर प्रवासियों का ही था। गौरतलब है कि इस भारतवंशी नेता को हराने ने लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी थी। बावजूद इसके उनका जीतना यह साबित करता है कि न्यूयार्क के मतदाता मौजूदा सत्ता से किस कदर नाखुश हैं और वे मानते हैं कि अमेरिका प्रवासियों का भी देश है। यह उनके इस भरोसे और उम्मीद की भी जीत है, जो यह मानता है कि देश निरंकुशता से नहीं चलता। समझा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए आगे का रास्ता निर्बाध नहीं होने जा रहा है। इन चुनावी नतीजों को रिपब्लिकन पार्टी के लिए एक सबक की तरह भी देखा जा रहा है।

### धार्मिक विवादित टिप्पणीः पर्चे फेंकने वाला धर्म गुरु पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

# उदयपुर की डबोक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आपत्तिजनक पर्चे फेंकने वाला 57 वर्षीय आरोपी सालगिरह मनाने आया था



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 07 नवम्बर। उदयपुर जिले के डबोक थाना पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने और मूर्ति पूजा पर विवादित टिप्पणी वाले पर्चे फेंकने के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हाल ही में विवादास्पद पर्चे फेंकने वाले अभियुक्त को तकनीकी सहायता से पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना 24 सितंबर 2025 को तब सामने आई, जब प्रार्थी शांतिलाल ने डबोक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान विनायक ज्वैलर्स के शटर के नीचे एक ईसाई धर्म के मतव्य का पर्चा मिला। इस पर्चे में मूर्ति पूजा पर विवादित टिप्पणी लिखी हुई थी, जिससे हिंदू धर्म के लोगों की आत्मीय भावनाओं को ठेस पहुंचती है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री आशिमा वासवानी के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गहन तकनीकी जांच का सहारा लिया और जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल से अभियुक्त डेनियल ओल्टीनो पुत्र अ.ए. ओल्टीनो (57) को हिरासत में लिया।

### सालगिरह मनाने आया था आरोपी

पूछताछ में डेनियल ओल्टीनो ने स्वयं को ईसाई धर्म का गुरु बताया और कहा कि वह ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार करता है। उसने यह भी बताया कि वह स्कूल जाने वाले बच्चों को ईसाई धर्म के ज्ञान के लिए प्रार्थना करवाता है। अभियुक्त अपनी पत्नी के साथ सालगिरह मनाने के लिए 17 सितंबर 2025 को डबोक, उदयपुर आया था और 22 सितंबर तक गैलेक्सी होटल में रुका।

### 10 साल पुराने पर्चे फेंके

अभियुक्त डेनियल ने स्वीकार किया कि उसने 21 व 22 सितम्बर को करीब 10 साल पहले छपवाए गए पर्चे, जिनमें ईसाई धर्म ग्रहण करने और हिंदू धर्म में मूर्ति पूजा पर विवादित टिप्पणी लिखी थी, उन्हें डबोक चौराहे की बंद दुकानों के शटर के नीचे से अन्दर डाल दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

कार्रवाई करने वाली टीम में कार्यवाहक थानाधिकारी बाबुलाल उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल अर्जुनसिंह और कांस्टेबल उमेश व विकास शामिल थे।

## चित्तौड़गढ़ पुलिस की ड्रग्स तस्करों पर सबसे बड़ी चोट

## करोड़ों रुपये की 4.6 किलो एमडी ड्रग के साथ MP का तस्कर गिरफ्तार, वरना कार सीज



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 07 नवम्बर। चित्तौड़गढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक वरना कार से 4 किलो 635 ग्राम एमडीएमए (मौली) पाउडर जब्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये की कीमत रखने वाले इस सिंथेटिक ड्रग की इतनी बड़ी मात्रा में बरामदगी पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर जलिया चैक पोस्ट पर की गई सघन नाकाबंदी के दौरान नीमच की तरफ से आ रही एक वरना कार को रोका गया। कार की नियमानुसार तलाशी लेने पर डिग्गी के अंदर रखे एक थैले में चार प्लास्टिक की थैलियों में भरा हुआ सफेद एमडी पाउडर (मौली) बरामद हुआ। यह सिंथेटिक ड्रग युवा वर्ग के बीच पार्टी ड्रग के रूप में काफी लोकप्रिय है और इसकी एक ग्राम की कीमत भी हजारों में होती है। आरोपी की पहचान और कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों का परिवहन कर रहे वरना कार चालक की पहचान 30 वर्षीय अंकित सिंह सिसोदिया पुत्र राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के आनंद विहार का निवासी है। पुलिस ने आरोपी अंकित सिंह को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त वरना कार को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब इस अवैध ड्रग की खरीद-फरोख्त के पूरे नेटवर्क और इसके मुख्य सप्लायर का पता लगाने के लिए विस्तृत अनुसंधान कर रही है।

यह बड़ी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह और पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल के मार्गदर्शन में तथा थानाधिकारी रामसुमेर के सुपरविजन में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम में उप निरीक्षक कन्हैया लाल, हेड कांस्टेबल हरविन्दर सिंह, कांस्टेबल रणजीत, रणजीत जाखड, राकेश, विजय सिंह, हेमन्त कुमार व बहादुर शामिल थे।

## सोमपुरा समाज आराध्या माता महिषासुर मर्दनी मंदिर शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव 21 से



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर मार्ग, माविता हनुमान मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित सोमपुरा समाज आराध्या माता महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव 21 से 27 नवम्बर तक आयोजित होगा। सोमपुरा समाज प्रतिष्ठा आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भूमि पूजन दिनांक 21 नवम्बर को प्रातः 9 बजे किया जाएगा तथा मांगलिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम 27 से 30 नवम्बर तक आयोजित होंगे। 28 नवम्बर, शुक्रवार, प्रातः 10 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो निश्चित मार्ग सोमनाथ महादेव मंदिर सलाटवाड़ा से प्रारम्भ होकर शुक्लवाड़ा, मांडवी चौक, दर्जीवाड़ा, पोल का कोठा, सलाटवाड़ा से रामद्वारा तक जाएगी। तत्पश्चात रामद्वारा से वाहनों द्वारा माइक्रोटावर माविता, वरसिंगपुर ग्राम पंचायत (पूर्व सरपंच राजेश के निवास) तक पहुंचेगी, जहां से पैदल यात्रा वनमाता मंदिर तक जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजन में प्रतिदिन लगभग दो हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रतिष्ठा आयोजन समिति ने उपखण्ड अधिकारी सहित प्रशासन को अवगत करा दिया है।

## सलूंबर में दर्दनाक हादसाः सोम नदी में बहा युवक, सिविल डिफेंस टीम ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन सफल



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर ज़िले में कल गुरुवार सुबह करीब 11 बजे, खेरपुरा निवासी 35 वर्षीय फतेहलाल मीणा अपने गांव से रोजगार के लिए अहमदाबाद जा रहा था। रास्ते में उसे सोम नदी पार करनी पड़ी लेकिन नदी पार करते वक्त वो तेज़ बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही सलूंबर सिविल डिफेंस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पूरा दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चला, लेकिन फतेहलाल का कोई सुराग नहीं मिल पाया। रात होते ही ऑपरेशन रोकना पड़ा, लेकिन प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सलूंबर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने उदयपुर के एडीएम श्री दीपेंद्र सिंह राठौड़ से सहायता मांगी। जिसके बाद उदयपुर संभाग स्पेशल सिविल डिफेंस टीम तुरंत रवाना हुई और रात 7 बजे सलूंबर पहुंची। अंधेरा होने के कारण टीम ने सवेरे 9 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा शुरू किया। सिर्फ 10 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने फतेहलाल मीणा का शव नदी से करीब 100 मीटर की दूरी पर बरामद कर लिया। शव को सलूंबर सिविल डिफेंस टीम ने पुलिस थाना जलारा को सुपुर्द किया। इस अभियान में डीप डाइवर विपुल चौधरी, विजय नकवाल, सचिन कंडारा, नरेश चौधरी, कुंदन हरिजन, जय सेवक, सुरेश टेलर, भवानी शंकर वाल्मीकि, वाहन चालक प्रकाश राठौड़ और बोट ऑपरेटर कैलाश मेनारिया सहित पूरी टीम मौजूद रही।

## एक साथ गूंजा "वंदे मातरम्" मावली और खेमली ब्लॉक के विद्यालयों ने रचा रिकॉर्ड



24 न्यूज अपडेट

मावली। मावली व खेमली ब्लॉक के सभी विद्यालयों और कार्यालयों में आज सुबह एक साथ "वंदे मातरम्" राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। 150 वर्ष पूर्व बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा के रूप में याद करते हुए यह आयोजन हुआ। संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने एक साथ राष्ट्रगीत गाकर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया। स्थानीय ब्लॉक कार्यालय समग्र शिक्षा मावली में भी सुबह 10:15 बजे वंदे मातरम् का गायन किया गया और इसकी ऑनलाइन सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर दर्ज की गई। इस कार्यक्रम में मावली ब्लॉक के साथ-साथ जावड़, चंदेसरा, भीमल, बोयणा, खरताणा, मावली गाँव, मोरठ, माणकावास, चंगेड़ी, थामला, लोपड़ा, आमली, गडवाड़ा, कालबेलिया बस्ती, पलाना कला, घासा, नान्दवेल, विजनवास, सिंधु, रख्यावल, तुलसीदास जी की सराय, डबोक, सांगवा, प्रकाशपुरा, मोतीखेड़ा, नऊवा, सालेरा कला, फलीचड़ा, नाहरमंगरा, आसना, वासनी कला, वारणी, मांगथला और नूरड़ा सहित अनेक विद्यालयों की सहभागिता रही।

## आबकारी विभाग का विशेष अभियान जारी -प्रदेशभर में वॉश एवं भट्टियां नष्ट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेशभर में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में नाकाबंदी, गश्त, दबिश और रेड की कार्रवाइयाँ लगातार जारी हैं। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (प्रशासन) ओ.पी. जैन तथा अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (पॉलिसी) प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। विभाग ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए अन्य राज्यों से शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन और विक्रय के खिलाफ सघन कार्रवाई शुरू की है। हनुमानगढ़ जिले के ग्राम मक्कासर और डबली में आबकारी निरोधक दल की दबिश कार्रवाई के दौरान 1500 लीटर उत्तेजित वॉश तथा 3 कच्ची भट्टियां नष्ट की गईं और एक अभियोग दर्ज किया गया। वहीं, रात्रिकालीन नाकाबंदी में एक स्कॉर्पियो वाहन से 20 कार्टनों में 960 पव्वे राजस्थान निर्मित अवैध शराब जब्त की गई। इसी प्रकार जोधपुर शहर, ग्रामीण व पीपाड़ क्षेत्र में दबिश के दौरान 250 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 3 अभियोग दर्ज किए गए। प्रदेश के सभी जिलों में भी इसी प्रकार नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की कार्रवाई लगातार जारी है।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com**

# फाइनेंस कर्मियों से डबल लूट का खुलासाः 2.19 लाख कैश लेकर भागने वाले 6 बदमाश गिरफ्तार




24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख) प्रतापगढ़ जिले में फाइनेंस कंपनियों के फील्ड कर्मियों को निशाना बनाकर की गई लूट की दो बड़ी वारदातों में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। देवगढ़ थाना पुलिस की विशेष टीम ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया, जिसने दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 2 लाख 19 हजार 767 की लूट को अंजाम दिया था।

एसपी बी आदित्य ने बताया कि पहली घटना 16 सितम्बर की है, भारत बैंक फाइनेंस में कार्यरत रामलाल मीणा ने रिपोर्ट दी कि वह खुटगढ़ से प्रतापगढ़ लौट रहे थे। जंगल के रास्ते घाटी चढ़ते समय रोड पर एक सागवान के पेड़ के नीचे खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लड़कों ने उन्हें रोका और मोबाइल, मोटरसाइकिल, टैबलेट, बायोमेट्रिक मशीन और समूह लोन की रिकवरी के 1,31,324 नकद लूट लिए।

दूसरी घटना 28 सितम्बर की है, भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर विक्रम यादव ने रिपोर्ट दी कि संगम मैनेजर रामलाल मीणा और कुलदीप सिंह फील्ड से लौट रहे थे। कलेक्शन के बाद प्रतापगढ़ आते समय खुटगढ़ से आगे चार अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका और बैग छीनकर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। बैग में पूरे दिन का कलेक्शन नगद 88,443 थे, साथ ही बायोमेट्रिक टैबलेट भी था।

दोनों ही मामलों में थाना देवगढ़ पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। एसपी आदित्य के निर्देशन, सीओ धरियावद नानालाल सालवी के मार्गदर्शन में थानाधिकारी देवगढ़ नगजीराम के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीमें गठित की गईं। टीमों ने थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में मुखबिरों को तैनात किया और संदिग्धों पर निगरानी रखी। गहन तलाशी और पूछताछ के दौरान 06 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी 06 आरोपियों ने दोनों लूट की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। इस पर

पुलिस ने सभी 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनसे अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस प्रभावी कार्रवाई में थाना देवगढ़ से कांस्टेबल गोमसिंह, राजमल और कुलदीप का विशेष योगदान रहा।

# जोधपुर में एटीएम मशीन में लगाया डिवाइस, निकाले रुपएःग्राहकों के फंसे पैसे निकाल कर ले गए दो बदमाश, मुकदमा दर्ज

24 न्यूज अपडेट



जोधपुर में एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर ग्राहकों के फंसे हुए रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पंजाब नेशनल बैंक, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड शाखा के मैनेजर अभिनंदन जैन ने इस संबंध में प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला प्रतापनगर थाना इलाके में 25 सितंबर की रात 9 बजे का है। बैंक प्रबंधन ने एक माह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अब गुरुवार को शाम 7 बजे एफआईआर दर्ज करवाई है।

## ग्राहक के खाते से डेबिट हुई राशि, नहीं निकले एटीएम से रुपए

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में मैनेजर ने बताया कि बैंक के ग्राहक नवीन मेहरा ने 25 सितंबर की रात करीब 10 बजे एटीएम से 7000 की राशि निकालने का प्रयास किया था। उस दौरान राशि उनके खाते से तो डेबिट हो गई, लेकिन एटीएम मशीन से रुपए नहीं निकले। इसकी शिकायत ग्राहक ने बैंक में दी।

## सीसीटीवी फुटेज में नजर आए दो युवक

जिसके बाद बैंक प्रबंधन की ओर से एटीएम मशीन में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो कैमरे में दो अज्ञात युवक उसी रात करीब 9 बजे एटीएम में आते हुए दिखाई दिए, जिन्होंने मशीन के साथ छेड़छाड़ कर उस पर कोई डिवाइस लगाया था।

इसके बाद वहीं दोनों युवक फिर रात में 9.43 बजे और रात 11.39 बजे दो बार एटीएम कैबिन में घुसे और पहले से लगाए गए डिवाइस की मदद से ग्राहकों के फंसे पैसे निकाल कर चले गए।

## जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 305(क) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे प्रतापनगर थाने के एएसआई भजनीराम ने बताया कि मुझे अभी तक सीसीटीवी के फुटेज नहीं मिले हैं। बैंक प्रबंधन से फुटेज लेकर आगे जांच बढ़ाई जाएगी।

वहीं, शिकायतकर्ता शाखा प्रबंधक अभिनंदन जैन ने इस संबंध में किसी तरह की जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि वे इस मामले में कुछ भी कहने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

# 130 किलोग्राम से अधिक अवैध अफीम डोडाचूरा परिवहन करते एक आरोपी तथा एस्कॉर्टिंग करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार - एक पिकअप तथा एक मोटरसाइकिल जब्त




24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा (कविता पारख)। निकुंभ थाना पुलिस ने 130 किलो 57 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा परिवहन करते हुए एक आरोपी तथा एस्कॉर्टिंग करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पिकअप गाड़ी तथा एस्कॉर्टिंग में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 7 नवंबर को एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एवं डीवाईएसपी देशराज कुलदीप के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी अमृतलाल मय जाप्ते द्वारा डीएसटी की सूचना पर मालनखेड़ी पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक पिकअप गाड़ी में कुल 130 किलो 57 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा परिवहन कर रहे आरोपी गरीबराम पिता गजाराम जाति जाट (उम्र 30 वर्ष), निवासी जनाना, थाना मुंडवा, जिला नागौर को गिरफ्तार किया गया। उक्त अवैध अफीम डोडाचूरा से भरी हुई पिकअप गाड़ी को पल्सर मोटरसाइकिल पर एस्कॉर्ट कर रहे आरोपी एमपी के मन्दसौर जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के मंगरोला निवासी कन्हैयालाल पिता बाबूलाल जाति भील (उम्र 33 वर्ष) तथा रघुनाथ पिता देवीलाल जाति प्रजापत (उम्र 35 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप व पल्सर मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। पुलिस टीमः एसआई अमृतलाल, हेड कां. प्रमोद कुमार, कां. थानसिंह, रतन सिंह, मनोज, अमित, कमलेश, बलराम, ओमप्रकाश, अजय कुमार।

# 96 लाख से अधिक की विदेशी मदिरा जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 नवम्बर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु 16 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक 96 लाख 99 हजार रूपए की भारत निर्मित विदेशी मदिरा जब्त की गई। प्रदेश में 2 लाख 98 हजार लीटर वॉश नष्ट करते हुए 986 अभियोग दर्ज कर 321 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी आयुक्त श्री नकाते के अनुसार प्रदेश में दीपावली पर्व के मद्देनजर प्रारंभ किए गए विशेष निरोधात्मक अभियान में 5 नवम्बर 2025 तक आबकारी निरोधक दलों ने अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश में 2 लाख 98 हजार 524 लीटर वॉश नष्ट किया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 13459 बोतल जब्त की गई जिसकी लागत 96 लाख 99 हजार 259 रूपए है। बीयर की 5442 बोतल, देशी मदिरा की 3760 बोतल, हथकड़ शराब की 6199 बोतल जब्त करते हुए 26 लीटर स्प्रिट भी सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 5 नवम्बर 2025 तक अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 986 अभियोग दर्ज करते हुए 321 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन में प्रयुक्त 28 दुपहिया वाहन, 4 हल्के चार पहिया वाहन, 3 भारी चार पहिया वाहन सहित 35 वाहनों को सीज किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान 16 नवम्बर तक जारी है इससे अवैध मदिरा पर रोक में प्रभावी सफलता मिल रही है।

# एनडीपीएस के झूठे केस में फंसाने की साजिश नाकाम; 2 लाख की एमडी जब्त, पुरानी रंजिश का पर्दाफाश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 07 नवम्बर। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में चलाए गए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़ी और सुनियोजित साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस की सक्रियता से न केवल अवैध मादक पदार्थ एमडी और उसमें मिलाए जाने वाला टांका जब्त किया गया, बल्कि एक निर्दोष व्यक्ति को झूठे एनडीपीएस मामले में फंसाने की योजना भी विफल कर दी गई। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

एसपी आदित्य ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी प्रतापगढ़ दीपक बंजारा के नेतृत्व वाली टीम गुरुवार 6 नवम्बर को मंदसौर रोड पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान बसाड़ की तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल के चालक हनीफ खान पठान (32) निवासी बगवास ने पुलिस जाब्ते को देखकर वापस मुड़ने का प्रयास किया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ।

घेरा डालकर पकड़े जाने पर हनीफ खान पठान की जेब से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी और 57 ग्राम टांका (एमडी में मिलाने वाला पदार्थ) जब्त किया गया। जब्त की गई एमडी की अनुमानित कीमत 2 लाख बताई गई है। हनीफ को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

## आरोपी ने किया साजिश का खुलासा

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ खान पठान ने बताया कि उसके दोस्त सलमान उर्फ सम्मु उर्फ मच्छी निवासी मालवा कॉलोनी की अकिल कुरैशी निवासी बगवास से मुर्गी और मछली के व्यापार को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है।

सलमान उर्फ मच्छी ने ही यह एमडी और टांका हनीफ को दिया था। दोनों की योजना थी कि वे यह अवैध मादक पदार्थ अकिल कुरैशी की ईको कार में रखकर उसे झूठे एनडीपीएस के मामले में फंसाकर जेल भिजवा दें।

इस खुलासे पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सलमान उर्फ सम्मु उर्फ मच्छी पुत्र अयुब न्यारगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में सलमान उर्फ मच्छी ने साजिश रचने और हनीफ को एमडी व टांका देने की बात स्वीकार कर ली। इस पर पुलिस ने साजिश रचने वाले मुख्य अभियुक्त सलमान उर्फ मच्छी को भी गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त सलमान उर्फ सम्मु उर्फ मच्छी का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, मत्स्य अधिनियम और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर धाराओं में 08 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं और कई मामले विचाराधीन हैं।

# पति के एक्सीडेंट का झांसा देकर विवाहिता का अपहरण-दुष्कर्म, 02 माह से फरार आरोपी श्रवणराम बीकानेर से गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 07 नवम्बर। नागौर पुलिस ने बलात्कार और एससी/एसटी एक्ट के एक मामले में 02 माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी श्रवणराम जाट पुत्र भुराराम (35) निवासी गोटन हाल महादेव नगर मेड़ता रोड को बीकानेर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

आरोपी ने एक विवाहिता को उसके पति के एक्सीडेंट की झूठी खबर देकर उसका अपहरण किया था और एक माह तक बंधक बनाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के सुपरविजन में वृताधिकारी मेड़ताशहर रामकरण सिंह मलिण्डा (अनुसंधान अधिकारी) के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। घटना 22 जुलाई 2025 को हुई, जब आरोपी श्रवणराम जाट पीड़िता के घर आया और उसे उसके पति का एक्सीडेंट होने की झूठी सूचना दी। पीड़िता इस खबर से घबरा गई और आरोपी के साथ चली गई। आरोपी श्रवणराम षड्यंत्रपूर्वक पीड़िता को जबरदस्ती एक अनजान जगह पर एक कमरे में बंद कर दिया।

आरोपी ने पीड़िता को बंधक बनाकर उसके साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो उसे पति को जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे वह डर गई और एक महीने तक उसकी यातनाएं सहती रही। मौका पाकर पीड़िता किसी तरह कमरे से बाहर निकलने में सफल रही।

जब आरोपी श्रवण को पीड़िता के भाग जाने का पता चला तो उसने रात में पीड़िता के ससुराल घर जाकर धमकियां दी और जातिसूचक गालियां निकाली। इसके बाद 20 अगस्त को पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना मेड़तारोड़ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना के बाद से ही आरोपी श्रवण राम अपना मोबाइल बंद करके फरार चल रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कि आरोपी बीकानेर के जामसर थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है, मेड़तारोड़ पुलिस की टीम को तुरंत रवाना किया गया। थाना मेड़तारोड़ और वृत कार्यालय मेड़तासिटी की संयुक्त टीम ने थाना जामसर, बीकानेर पुलिस की मदद से आरोपी को दस्तयाब किया। गहन पूछताछ के बाद आरोपी श्रवणराम को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मार्बल लैंप में अल्प्राजोलम छिपाकर अमेरिका भेजने वाले अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन साल से फरार 20,000 के इनामी अपराधी अजय सिंह शेखावत पुत्र अजीत सिंह निवासी लाडपुर, तहसील खंडेला, जिला सीकर को जयपुर से डिटेन किया है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दिल्ली पुलिस से फरारी काट रहा था और विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में छिपा हुआ था।

एजीटीएफ टीम की सटीक कार्रवाई एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशन, डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन और एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में गठित एजीटीएफ टीम को गैंगस्टरों और ड्रग नेटवर्क की निगरानी के लिए लगाया गया था। कांस्टेबल गोपाल धाबाई और विजय सिंह द्वारा जुटाई गई खुफिया सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार रात अजय शेखावत को डिटेन किया। आरोपी को विद्याधर नगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिल्ली पुलिस को सूचित किया गया है।

## मार्बल मूर्तियों में छिपाकर करते थे तस्करी

एडीजी एम.एन. ने बताया कि अजय शेखावत और उसके साथी मार्बल मूर्तियों और लैंप में अल्प्राजोलम टैबलेट्स छिपाकर तस्करी करते थे। पलसाना (सीकर) में तैयार माल को दिल्ली भेजा जाता था, जहां से उसे अमेरिका सहित अन्य देशों में भेजा जाता था। यह मामला 13 जुलाई 2022 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली ज़ोनल यूनिट की कार्रवाई से जुड़ा है। उस समय एक कुरियर कंपनी में तलाशी के दौरान एक खोखला ग्रेनाइट मार्बल लैंप बरामद हुआ था, जिसमें 13,770 अल्प्राजोलम टैबलेट्स (1.515 किग्रा) रंगीन धागों में लिपटी मिली थीं। यह खेप सीकर के राहुल कुमावत द्वारा अमेरिका के दीपक पटेल को भेजी जा रही थी।

## टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत, एसआई बनवारी लाल, प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, हेमंत शर्मा, महावीर सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र, देवेंद्र, गंगाराम और चालक दिनेश शर्मा की भूमिका विशेष रही, जबकि कांस्टेबल गोपाल धाबाई और विजय सिंह की सूचना से एजीटीएफ को यह बड़ी सफलता मिली।

# एमपीयूएटी के कुलगुरु बोले-पेंशन की समस्या का होगा स्थायी समाधान, सीएम और वित्त मंत्री से मिलेंगे पांचों विवि के कुलगुरू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने आज अपनी साधारण सभा बैठक में नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ का भावभीना स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आज आरसीए सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम सभी पेंशनर्स ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया। इसके उपरांत वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार भटनागर तथा पूर्व कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा के नेतृत्व में सोसायटी के पदाधिकारियों एवं पेंशनरों ने कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ को उपरणा धारण करवा कर भावभीना स्वागत किया।

पूर्व विशेषाधिकारी डॉ. सुभाष भार्गव ने विश्वविद्यालय के 1443 पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं और राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में लंबित कोर्ट केस के बारे में विस्तार से बताते हुए माननीय कुलगुरु से पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कर राहत दिलाने हेतु अनुरोध किया।

नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ ने महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय के पेंशनर्स की साधारण सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कहा कि आज हमारे राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कल सुबह से जब भी आप मोबाइल या फोन पर बातचीत प्रारंभ करें, तो वार्ता की शुरुआत में 'हैलो' की बजाय वंदे मातरम् बोलकर हमारे महान देश को आज़ादी दिलाने वाले सभी क्रांतिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करें। इस पर सभी पेंशनर्स ने दोनों हाथ उठाकर फोन पर 'हैलो' की बजाय वंदे मातरम् बोलने का समर्थन किया।

कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के 1443 पेंशनर्स, जिनमें लगभग 400 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं विधवाएं शामिल हैं, उनकी पेंशन समस्या के स्थायी समाधान हेतु वे दिल से हरसंभव प्रयास करेंगे। इस हेतु राज्य के अन्य चारों कृषि विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं के साथ पहले मिल बैठकर पेंशन समस्या के स्थायी समाधान हेतु विभिन्न विकल्पों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसके उपरांत राज्य के पांचों कृषि विश्वविद्यालयों के कुलगुरु एक साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय वित्त मंत्री महोदया से मिलकर राज्य सरकार से इस बाबत स्थायी समाधान हेतु निवेदन करेंगे।


कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ ने कहा कि जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस कृषि विश्वविद्यालय की सेवा और उत्थान में लगाया है, वे वरिष्ठ गुरुजन और कर्मचारी इस विश्वविद्यालय की नींव के पत्थर हैं। वे पूरा प्रयास करेंगे कि जीवन के उत्तरार्ध में इन वरिष्ठ गुरुजनों और कर्मचारियों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के सहमंत्री गणेशलाल पालीवाल ने सभी पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ के स्वागत के इस अवसर पर पूर्व अधिष्ठाता डॉ. वी. एन. जोशी, पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुमन सिंह, पूर्व कुलसचिव डॉ. घनश्याम तिवारी,



प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष देवीलाल तेली, संगठन मंत्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा, कोमल सिंह राठौड़, धर्मपाल सिंह सरोहा, मोहम्मद भाई आदि प्रमुख उपस्थित थे।

# एमपीयूएटी की सभी इकाइयों में एक साथ गूंजा 'वंदे मातरम', राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभक्ति से सराबोर हुआ परिसर





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के निर्देशानुसार महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) की सभी इकाइयों में आज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक राष्ट्रगीत गायन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 10:15 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक परिसर, अनुसंधान निदेशालय, विस्तार शिक्षा निदेशालय, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय, डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय, योजना एवं निगरानी निदेशालय, कृषि महाविद्यालय डूंगरपुर तथा पेंशनभोगी कल्याण संघ सहित सभी इकाइयों में एक साथ हुआ। कार्यक्रम में कुलगुरू डॉ. प्रताप सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन राष्ट्रव्यापी समारोह की आधिकारिक शुरुआत है, जो 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि "'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह युवाओं में एकता, त्याग और सच्ची देशभक्ति की भावना जगाने वाला अमर संदेश है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।" यह आयोजन बंकिमचंद्र चटर्जी की अमर रचना की 150वीं वर्षगांठ के सम्मान में देशभक्ति के उत्साह और गौरव का प्रतीक बना। इस अवसर पर डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. आर.एल. सोनी, डॉ. मनोज कुमार महला, डॉ. आर.पी. मीना, डॉ. सुनील जोशी, डॉ. रामहरि मीना, कुल सचिव अशोक कुमार, वित्त नियंत्रक सुश्री दर्शना गुप्ता, डॉ. एस.के. भटनागर, श्री गणेश लाल पालीवाल सहित सभी इकाइयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पूरे उत्साह व निष्ठा के साथ 'वंदे मातरम' का गायन किया। यह जानकारी डॉ. जी. एल. मीना, मीडिया प्रकोष्ठ एवं जनसंपर्क अधिकारी, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने दी।

# मानसिक रोग से हम जब ही बच पाएंगे कि हमारे विचारों में पूर्ण रूप से सकारात्मकता हो : आचार्य महाश्रमण





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ लम्बे-लम्बे डग भरते हुए मेवाड़ी की ओर अपने चरण पादुका बढ़ा रहे है। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 7 नवम्बर को प्रातः विश्व मैत्री धाम से लगभग 13 किलोमीटर का विहार कर जैन तीर्थ स्थल लब्धी धाम पहंची। आचार्य संघ के विहार के दौरान मार्ग में जगह- जगह श्रावक-श्राविकाओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है। अध्यक्ष फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 8 नवम्बर को विश्व मैत्री धाम से तेजपुर स्वामीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में होगा।

मार्ग सेवा में आमेट तेरापंथ समाज के लाभचंद हिंगड, महेन्द्र बोहरा, देवेन्द्र मेहता, सुन्दरलाल हिरण, धूलचंद हिरण, शांतिलाल छाजेड़, जवाहर डांगी, जतन देवी बम्ब, संतोष देवी हिरण, उमा देवी हिरण, भंवर देवी छाजेड़ व मंजू देवी मादरेचा, सुरेश चोरडिया, राजेश खाब्या, सुनील कोठारी आदि आचार्य संघ की मार्ग सेवा में सहभागी रहे। 84 जिनालाय चन्द्रप्रभु लब्धी धाम के ट्रस्टी जिगनेश भाई मेहता का साहित्य समर्पण व उपरणे द्वारा गौतम बापना, सुरेश दक, गणेश कच्छारा, भूपेन्द्र चोरडिया, बलवंत रांका, कमलेश कच्छारा, विनोद माण्डोत, सुनील मुणोत, सूर्य प्रकाश मेहता आदि ने स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान जैन तीर्थ स्थल लब्धी धाम में आयोजित धर्मसभा में आचार्य महाश्रमण ने अपने प्रवचन में कहा कि रोग भी शरीर में नहीं रहना चाहिए। रोग रहता है तो फिर ध्यान नहीं रहता है। तीन प्रकार के रोग होते है। जिसमें पहला शारीरिक रोग, दूसरा मानसिक रोग व तीसरा भावनात्मक रोग। बीमारी एक माध्यम है। जितना भी जीवन में हम निरोगता का अनुभव करते है उसके लिए महापुरुषों के पास में बैठना चाहिए। रोग आता है पूर्व जन्म के कर्मों के कारण। यदि व्यक्ति के असाद वैदिनीय कर्म नहीं हो तो शरीर में कोई रोग नहीं आ सकता है। पुण्य के कारण ही व्यक्ति स्वस्थता का अनुभव कर सकता है। किए हुए कर्मों को भोगे बिना कभी भी छुटकारा नहीं मिल सकता। मानसिक रोग कब होता जब बेटा व धर्मपत्नी कहना नहीं मानते है। जिस व्यक्ति की अपने अगर कोई बात नहीं मानते तो वह मानसिक रोग का शिकार हो जाता है। मानसिक तकलीफ भी एक प्रकार रोग ही है। जिसका चिंतन सकारात्मक होता है वो कभी भी वो इस रोग से कभी प्रभावित नहीं होता है। मानसिक रोग से हम जब ही बच पाएंगे कि हमारे विचारों में पूर्ण रूप से सकारात्मकता हो। अंत में उपस्थित श्रावक समाज को मंगल पाठ का श्रवण करवाया।

# मेनकाइंड फार्मा कलडवास में फायर मॉकड्रिल आयोजित



24 न्यूज अपडेट

नगर निगम आयुक्त के निर्देशन में अग्निशमन टीम ने दिया प्रशिक्षण, कर्मचारियों ने सीखी आग बुझाने की तकनीक

उदयपुर। मेनकाइंड फार्मा लिमिटेड, कलडवास में अग्निशमन विभाग नगर निगम की टीम द्वारा फायर मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्निशमन दल ने कंपनी के कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन अधिकारी नगर निगम, बाबूलाल चौधरी ने किया। इस दौरान कंपनी के एचओडी (ईएचएस) श्री प्रभाष चौधरी, श्री विश्वजीत सोलंकी (ईएचएस एंड सेफ्टी हेड), श्री पवन चौहान (एचआर हेड एवं फैक्ट्री मैनेजर), श्री विश्वनाथ शर्मा (प्लांट हेड), श्री शैलेन ठाकुर सहित कंपनी के लगभग 400 से 500 कर्मचारी मौजूद रहे। मॉकड्रिल के दौरान कर्मचारियों को आग बुझाने के आधुनिक उपकरणों के प्रयोग, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया, और आपात स्थिति में संचार एवं समन्वय के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कर्मचारियों ने उपकरणों का उपयोग कर लाइव फायर फाइटिंग का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान फार्मा इलेक्ट्रिक सेक्शन में लगे आधुनिक अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली की जांच की गई, जो पूर्ण रूप से कार्यशील पाए गए। अग्निशमन टीम के कमलेश माली, नरेन्द्र सिंह चुण्डावत, कैलाश यादव, विजेन्द्र धोसलिया, भरत माली, विकेश पटेल और प्रभुदास द्वारा लाइव फायर फाइटिंग डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसे कर्मचारियों ने बड़ी रुचि से देखा। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में आपात स्थिति के दौरान तत्परता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।

# मादड़ी प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, समाज की 8 टीमों के बीच 3 दिवसीय रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेनारिया समाज ग्राम सभा, पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली मादड़ी प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज रॉयल खेड़ा स्टेडियम, कानपुर-मादड़ी, उदयपुर में हुआ। इस वर्ष यह प्रतियोगिता अपनी पांचवीं वर्षगांठ मना रही है, जो 7 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मेनारिया समाज ग्राम सभा के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया द्वारा टॉस कर किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री राजेश मेनारिया ने बताया कि समाज में आपसी एकता और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में समाज की कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं कृ रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइज़र, एपेक्स सोलर, श्रीराम मोटर्स, प्रगति सोलर एनर्जी, सेवन रेज एण्ड सिया मोबाईल, ओम साउंड एण्ड सांवरिया इलेक्ट्रिकल्स, नाईस कम्प्यूटर तथा पवन फ्लोर मिल्स। उपखेल मंत्री दिशांत मेनारिया ने बताया कि उद्घाटन दिवस पर रोमांचक मुकाबले खेले गए जिनमें नाईस कम्प्यूटर बनाम पवन फ्लोर मिल्स, सेवन रेज एण्ड सिया मोबाईल बनाम रिद्धी-सिद्धी एडवरटाइज़र, ओम साउंड एण्ड सांवरिया इलेक्ट्रिकल्स बनाम एपेक्स सोलर तथा श्रीराम मोटर्स बनाम प्रगति सोलर एनर्जी के मैच शामिल रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 9 नवम्बर को खेला जाएगा, जिसके बाद विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कैलाश मेनारिया, प्रवक्ता, मेनारिया समाज ग्राम सभा पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर ने दी।

# भविष्य आहरी और एडोन जॉन का नेशनल में चयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सेंट एंथोनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य आहरी और एडोन जॉन शिबू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और उदयपुर का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। कोच मयंक सोनी ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 12 से 16 नवम्बर तक एचएसवी ग्लोबल स्कूल, गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित होगी, जिसमें सेंट एंथोनीज़ स्कूल के ये दोनों खिलाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। जयपुर स्थित एस. आर. एन. स्कूल में आयोजित वेस्ट ज़ोन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए, भविष्य आहरी ने 17 वर्ष छात्र क्वाड वर्ग की 1 लेप रोड रेस में स्वर्ण पदक जीता, जबकि एडोन जॉन शिबू ने 11 वर्ष छात्र क्वाड वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन और नेशनल टीम में चयन पर स्कूल के प्राचार्य विलियम डी'सूज़ा ने हार्दिक बधाई दी और कहा— "हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य और एडोन जॉन राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान और सेंट एंथोनीज़ स्कूल का नाम गौरवान्वित करेंगे।"

# वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, वंदे मातरम की 150 वीं जयंती पर विभिन्न संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रानी रोड स्थित आकार कॉलेज के सीइओ दिनेश जैन के निर्देशन में प्राचार्य डॉक्टर सी के जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नितिन परमार द्वारा वंदे मातरम के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। अंत में सभी ने समवेत स्वर में राष्ट्रीय गीत गाया साथ ही सभी ने समाज को एकता के सूत्र में बांध कर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राध्यापक संकित मीणा, सहयोगी मनोज पारगी सहित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उत्तरप्रदेश के मंत्री जायसवाल 9 को उदयपुर में

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 नवम्बर। स्टाम्प न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्री रविन्द्र जायसवाल 9 नवम्बर को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री जायसवाल रविवार 9 नवम्बर को शाम 5.15 पर सर्किट हाउस उदयपुर पहुंचेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में रहेगा। अगले दिन 10 नवम्बर को स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# भामाशाह ने विद्यालय में किया प्रिंटर भेंट

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती डूंगरपुर मार्ग पर स्थित नन्दौड महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाह ने अपने पोतों के साथ दादाजी की स्मृति में ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से प्रिंटर भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश कुमार शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य पुष्पदंत मेहता की प्रेरणा से नटवरलाल रतनजी पाटीदार ने अपने दादाजी रूपेंग पाटीदार की स्मृति में विद्यालय को प्रिंटर प्रदान किया। विद्यालय विकास प्रभारी शिवराम मोची सहित समस्त स्टाफ ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पी.टी.ए. अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, प्राध्यापक गजेन्द्र कुमार, राजेश कुमार भट्ट, राकेश यादव, लक्ष्मी नारायण डोडियार, निरंजना चौहान, आशीष पाटीदार, टीना परमार, कल्पना पीतांबर, लक्ष्मी रोत, वर्षा भट्ट, उर्मिला पंड्या, पुष्पा सेंगाड़ा, यामिनी रावल, हीना पुरोहित, चेतना मेहता, विजय कुमार रावल, सुधीर भट्ट, अरविंद कुमार पाटीदार, कीर्तिश पंचाल, प्रशांत पाटीदार, पुष्पराज सिंह चुंडावत एवं शक्तिसिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।